**Ans. (b) :** बर, परवेरिया, शिवपुर, देबारी और सूरा का सम्बन्ध दर्रो से है। ये सभी अरावली पर्वतमाला में स्थित है। जो राजस्थान के विभिन्न जिलों में अरावली पहाड़ी के मध्य स्थित है।

**204. निम्न में से कौन सा स्थान दक्षिण राजस्थान में स्थित नहीं है?**

(a) कांठल (b) छप्पन का मैदान
(c) देवलिया (d) थली

**RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022**

**Ans. (d) :** थली स्थान दक्षिण राजस्थान में स्थित नहीं है। यह क्षेत्र पाली, नागौर, बीकानेर, गंगानगर और चुरू जनपद में पड़ता है जबकि कांठल, छप्पन का मैदान एवं देवलिया दक्षिणी राजस्थान में अवस्थित है।

**205. नाकोड़ा पर्वत को निम्नलिखित में से किस और नाम से भी जाना जाता है?**

(a) छप्पन की पहाड़ियाँ (b) तोरावती की पहाड़ियाँ
(c) पश्चिमी अरावली पहाड़ियाँ (d) तारागढ़ की पहाड़ियाँ

**RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022**

**Ans. (a) :** नाकोड़ा पर्वत राजस्थान के बाड़मेर जिले के सिवाना क्षेत्र में स्थित है। इसे 'छप्पन की पहाड़ियाँ' के नाम से भी जाना जाता है।

**206. नागौर उच्च भूमि की औसत ऊँचाई (मीटर में) निम्नांकित में से कोन सी है?**

(a) 200 से 400 मीटर (b) 300 से 500 मीटर
(c) 400 से 600 मीटर (d) 100 से 200 मीटर

**RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022**

**Ans. (a) :** नागौर राजस्थान राज्य का एक जिला है। इसकी उच्च भूमि की औसत ऊँचाई 200 से 400 मीटर है। नागौर, राजस्थान के मध्य में स्थित एक जिला है। इसकी सीमा राजस्थान के सात जिलों– सीकर, चुरू, बीकानेर, जोधपुर पालि, अजमेर और जयपुर से लगती है।

**207. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?**

(a) नार्वे (b) बेल्ज़ियम
(c) स्विट्ज़रलैण्ड (d) पोलैण्ड

**कूट :**

(a) A, B एवं D (b) A एवं C
(c) B एवं D (d) A एवं D

**RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015**

**Ans. (d) :** राजस्थान का क्षेत्रफल नार्वे एवं पोलैण्ड के क्षेत्रफल के बराबर है। राजस्थान का क्षेत्रफल 342,239 वर्ग किमी. है जो भारत के क्षेत्रफल का लगभग 10.41प्रतिशत है। नार्वे का क्षेत्रफल 385207 वर्ग किमी. तथा पोलैण्ड का क्षेत्रफल 322575 वर्ग किमी. है। जो राजस्थान के क्षेत्रफल के समीपस्थ है। बेल्जियम का क्षेत्रफल 30688 वर्ग किमी. तथा स्विट्ज़रलैंड का क्षेत्रफल 41285 वर्ग किमी. है।

**208. रामगढ़ की गोलाकार पहाड़ी निम्न में से कौन से प्रदेश में अवस्थित है?**

(a) शेखावाटी प्रदेश (b) हाड़ौती का पठार
(c) छप्पन मैदान (d) घग्घर मैदा

**प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018**

**Ans. (b) :** रामगढ़ की गोलाकार पहाड़ी राजस्थान के बारां (हाड़ौती पठार) जिले में स्थित है। इस पहाड़ी को रामगढ़ संरचना, रामगढ़ डोम और रामगढ़ स्ट्रोव्लेम के नाम से भी जाना जाता है।

**209. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिएः**

| नदी | उद्गम स्थल |
|---|---|
| A. साबी | i. सेवर पहाड़ियाँ |
| B. काकनी | ii. बैराठ पहाड़ियाँ |
| C. बाणगंगा | iii. खण्डेला पहाड़ियाँ |
| D. कांतली | iv. कोटड़ी गाँव |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv | (b) | i | iv | ii | iii |
| (c) | iv | i | ii | iii | (d) | iii | ii | iv | i |

**RPSC School Lecturer-26-04-2017**

**Ans. (b) :** सही सुमेलन है।

| नदी | उद्गम स्थल |
|---|---|
| साबी | i. सेवर पहाड़ियाँ |
| काकनी | ii. कोटड़ी गाँव |
| बाणगंगा | iii. बैराठ पहाड़ियाँ |
| कांतली | iv. खण्डेला पहाड़ियाँ |

**210. "लसाडिया का पठार" राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**

(a) जैसलमेर (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) गंगानगर

**RPSC School Lecturer-26-04-2017**

**Ans. (b) :** लसाडिया का पठार उदयपुर जिले में जयसमंद झील के उत्तरपूर्व में स्थित है और इसकी औसत ऊँचाई 360-620 मीटर के बीच है।

**राजस्थान के प्रमुख पठार है-**

- उड़िया का पठार→ सबसे ऊँचा पठार (सिरोही)
- आबू का पठार → सिरोही का दूसरा ऊँचा पठार (1200मी0)
- भोराट का पठार → यह तीसरा सबसे ऊँचा पठार (920मी0) गोगुन्दा पहाड़ियों (उदयपुर और कुंभलगढ़ पहाड़ियों (राजसमंद) के बीच स्थित है।
- मेसा का पठार → चित्तौड़गढ़ (620मी0)
- हाड़ौती का पठार → कोटा,बारां,बूंदी,झालावाड

**211. लसाड़िया का पठार अवस्थित है–**

(a) उदयपुर में (b) राजसमन्द में
(c) झालावाड़ में (d) बांसवाड़ा में

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**212. 'लसाड़िया का पठार' राजस्थान के उदय जिले में स्थित है।**

(a) अजमेर (b) अलवर
(c) उदयपुर (d) सिरोही

**पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019**

**Ans. (c)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।